एनएचपीसी
NHPC
एक नवरत्न कंपनी

# एनएचपीसी समाचार

अंक संख्या : XLXIV

संस्करण : जुलाई - सितम्बर 2024






/NHPCIndiaLimited
@nhpcltd
/nhpclimited
NHPC Limited
NHPC Limited

www.nhpcindia.com

एनएचपीसी
NHPC
एक नवरत्न कंपनी

# एनएचपीसी ने मनाया 78वां स्वतंत्रता दिवस



















# निगम मुख्यालय

## अरुणाचल प्रदेश में जलविद्युत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक



माननीय केंद्रीय विद्युत एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने माननीय मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश सरकार और माननीय उप मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश सरकार की उपस्थिति में विभिन्न सीपीएसयू जैसेः एनएचपीसी लिमिटेड, एसजेवीएनएल, नीपको और टीएचडीसी द्वारा अरुणाचल प्रदेश में कार्यान्वित की जा रही विभिन्न जलविद्युत परियोजनाओं की विस्तृत प्रगति समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान इन परियोजनाओं के प्रभावी निष्पादन के दौरान आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा की गई और उनका समाधान भी निकाला किया गया।

## परमवीर चक्र विजेता सूबेदार मेजर संजय कुमार ने एनएचपीसी की व्याख्यान श्रृंखला- 'प्रेरणा' में व्याख्यान दिया



परमवीर चक्र विजेता सूबेदार मेजर संजय कुमार ने 9 जुलाई 2024 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में एनएचपीसी की व्याख्यान श्रृंखला– 'प्रेरणा' में एक बहुत ही प्रेरक व्याख्यान दिया। इस अवसर पर श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी और श्री संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनएचपीसी के साथ–साथ बड़ी संख्या में एनएचपीसी कार्मिक और उनके परिवार के सदस्य मौजूद थे। इस अवसर पर एनएचपीसी महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती गायत्री गोयल, श्रीमती मोना लाल व महिला क्लब की अन्य सदस्या भी उपस्थित थीं। पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

अपने स्वागत भाषण में श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने परमवीर चक्र विजेता सूबेदार मेजर संजय कुमार का स्वागत किया तथा अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर एनएचपीसी को अपनी उपस्थिति से सम्मानित करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। श्री लाल ने कहा कि परमवीर चक्र विजेता सूबेदार मेजर संजय कुमार जैसे वीरों के कारण ही हम सुरक्षित महसूस करते हैं तथा अपने घर पर चैन से सोते हैं, जबकि वे हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं। श्री लाल ने आगे कहा कि एनएचपीसी के कर्मचारी भी भारतीय सेना के जवानों की तरह ही राष्ट्र की सेवा में सुदूर स्थानों पर तैनात हैं।

इस अवसर पर परमवीर चक्र विजेता सूबेदार मेजर संजय कुमार ने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए कारगिल युद्ध के दौरान अपने अनुभवों पर एक बेहद दिलचस्प और ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। उन्होंने कारगिल युद्ध के दौरान विभिन्न सफल सैन्य अभियानों का विवरण दिया जिसमें भारतीय सेना की उच्च स्तर की बहादुरी और क्षमता का प्रदर्शन किया गया था। उन्होंने लोगों को युद्ध के मैदान में दिखाए जाने वाले सच्चे नेतृत्व कौशल के बारे में भी बताया जिसे कॉर्पोरेट जगत में भी लागू किया जा सकता है।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# एनएचपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड और टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड भारत को सौर ऊर्जा से समृद्ध बनाने के लिए संगठित हुए




नवीकरणीय ऊर्जा का दोहन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित करते हुए, एनएचपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एनएचपीसी आरईएल, एनएचपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) और टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) ने महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत दिसंबर 2025 तक सरकारी स्वामित्व वाले भवनों का 100% सौर विद्युतीकरण का लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से केंद्रीय मंत्रालयों, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर प्रोजेक्ट्स (आरटीएस प्रोजेक्ट्स) को क्रियान्वित करने के लिए एक रणनीतिक साझेदारी की है। इस सहयोगात्मक प्रयास का उद्देश्य सरकारी भवनों की छत पर उपलब्ध स्थान का उपयोग करके, भारत के ऊर्जा परिदृश्य को बदलना, एक स्वच्छ और हरित भविष्य को बढ़ावा देना है।

श्री आर.पी. गोयल, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री आर.के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी व परियोजनाएं), श्री वी.आर. श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक (आरईजीएच), श्री संदीप कुमार, कार्यपालक निदेशक (सीएमडी–सचिवालय), श्री अनुज कपूर, कार्यपालक निदेशक (वित्त), एनएचपीसी लिमिटेड, श्री भावेश भयानी एवं श्री विक्रांत धनखड़, टीपीआरईएल की उपस्थिति में श्री एस.पी. राठौर, सीईओ, एनएचपीसी आरईएल और श्री दीपेश नंदा, सीईओ और एमडी, टीपीआरईएल ने दिनांक 17 जुलाई, 2024 को एनएचपीसी कार्यालय परिसर, फरीदाबाद में इस आशय के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने आरटीएस परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए एनएचपीसी लिमिटेड को योजना कार्यान्वयन भागीदार (एसआईपी) के रूप में नामित किया है, जिसका क्रियान्वयन इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनएचपीसी–आरईएल के माध्यम से किया जाएगा। इन परियोजनाओं के समय पर और कुशल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सौर ऊर्जा क्षेत्र की एक प्रसिद्ध अग्रणी कंपनी टीपीआरईएल के पास व्यापक विशेषज्ञता है।

## एनएचपीसी एवं निदेशक (कार्मिक) को ईटी एचआर वर्ल्ड पुरस्कार से सम्मानित किया गया






श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) एनएचपीसी महोदय को व्यक्तिगत पुरस्कार श्रेणी में प्रतिष्ठित ईटी एचआर वर्ल्ड फ्यूचर स्किल्स एल एंड डी लीडर्स गोल्ड अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। संगठनात्मक पुरस्कार श्रेणी में, एनएचपीसी को भी विविधता और समावेशी पहलों के लिए ईटी एचआर वर्ल्ड फ्यूचर स्किल्स गोल्ड अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। दिनांक 18.07.2024 को गुरुग्राम में आयोजित एक भव्य पुरस्कार समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किए गए। श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) महोदय ने श्री लुकस गुड़िया, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन), डॉ. कमला फर्त्याल, समूह महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) और अन्य मानव संसाधन पेशेवरों सहित अपनी टीम के साथ यह पुरस्कार प्राप्त किए।

श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) को एनएचपीसी में कार्यान्वित कर्मचारी केंद्रित एल एंड डी पहलों, शुरू की गई नई कर्मचारी सहभागिता गतिविधियों, ओडी हस्तक्षेपों, मानवीय पहलों के साथ कर्मचारी पहले दृष्टिकोण और 35 वर्षों से अधिक के उनके उदाहरणात्मक सेवाओं को मान्यता देने के लिए एल एंड डी लीडर्स गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया। एनएचपीसी को अपने हितधारक केंद्रित पहलों, कर्मचारियों और उनके परिवार सहित सभी कर्मचारियों के स्तर पर विविधता और समावेशन पहलों और एनएचपीसी कार्मिकों के अथक और समर्पित प्रयासों को मान्यता देने के लिए ईटी एचआर वर्ल्ड फ्यूचर स्किल्स गोल्ड अवार्ड 2024 डी एंड आई लर्निंग से सम्मानित किया गया है। एनएचपीसी कार्मिक विविध पृष्ठभूमि से आते हैं, लेकिन देश की सेवा के लिए गर्व और सम्मान के साथ एकजुट हैं।

## श्री राज कुमार चौधरी ने एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया



श्री राज कुमार चौधरी ने 7 अगस्त 2024 को भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी और भारत सरकार की अनुसूची 'ए' उद्यम एनएचपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया। श्री आर.के. चौधरी इससे पहले एनएचपीसी में निदेशक (तकनीकी) के पद पर कार्यरत थे। श्री चौधरी बीआईटी सिंदरी से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं और उन्होंने प्रबंधन में एडवांस डिप्लोमा भी अर्जित किया है। वे 1989 में झारखंड के कोयल कारो जलविद्युत परियोजना में प्रोबेशनरी एग्जीक्यूटिव (सिविल) के रूप में एनएचपीसी में शामिल हुए थे। अपने शानदार करियर के दौरान श्री चौधरी एनएचपीसी में विभिन्न पदों पर लगातार आगे बढ़ते रहें, जिसमें एनएचपीसी के निदेशक (तकनीकी) का पद भी शामिल है। इसके पश्चात उन्हें एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

श्री चौधरी ने निगम मुख्यालय में कॉस्ट इंजीनियरिंग और डिजाइन व इंजीनियरिंग विभागों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। उन्होने एनएचपीसी के कोयल कारो, कलपोंग, तीस्ता-V और सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजनाओं में कार्य किया है। श्री चौधरी ने भूटान के मांगदेछू और पुनात्संगछ-II जलविद्युत परियोजनाओं में निदेशक (तकनीकी) के रूप में भी कार्य किया है। उन्हें जलविद्युत परियोजनाओं के कांसेप्ट से लेकर कमीशनिंग तक, जलविद्युत परियोजनाओं के विकास के सभी पहलुओं का अनुभव है। उन्होंने भारत और भूटान में जलविद्युत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

श्री चौधरी ने कलपोंग जलविद्युत परियोजना में कांसेप्ट से लेकर कमीशनिंग तक का कार्य किया है। यह परियोजना निर्धारित समय से 16 महीने पहले ही कमीशन हो गयी थी। यह एनएचपीसी के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि थी क्योंकि यह परियोजना अंडमान और निकोबार के एक सुदूर द्वीप में स्थित थी। श्री चौधरी ने सिक्किम में तीस्ता-V जलविद्युत परियोजना (510 मेगावाट) और भूटान में मांगदेछू जलविद्युत परियोजना (720 मेगावाट) की कमीशनिंग में सक्रिय भूमिका निभाई है। श्री चौधरी ने भूटान में 1020 मेगावाट ताला जलविद्युत परियोजना के एचआरटी की मरम्मत में एक विशेषज्ञ सदस्य के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। श्री चौधरी रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड में नामित निदेशक भी हैं।

## श्री संजय कुमार सिंह ने एनएचपीसी के निदेशक (परियोजनाएं) का पदभार ग्रहण किया



श्री संजय कुमार सिंह ने 24 जुलाई 2024 को भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी और भारत सरकार की अनुसूची 'ए' उद्यम, एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक (परियोजनाएं) का पदभार ग्रहण किया। श्री सिंह ने बेचलर ऑफ इंजीनियरिंग (सिविल) की डिग्री हासिल की है। उनके पास भारत और भूटान में ऊर्जा और बुनियादी ढांचा क्षेत्र की बड़ी और प्रतिष्ठित परियोजनाओं के क्रियान्वयन में 32 वर्षों से अधिक का विशाल और विविध अनुभव है।

एनएचपीसी में निदेशक (परियोजनाएं) के रूप में नियुक्ति से पहले श्री सिंह एसजेवीएन लिमिटेड में मुख्य महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। एसजेवीएन में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई प्रमुख परियोजनाओं का नेतृत्व किया है जिसमें सुन्नी बांध जलविद्युत परियोजना (निर्माण चरण), नैटवाड़ मोरी जलविद्युत परियोजना (निर्माण चरण), लुहरी जलविद्युत परियोजना चरण-II (सर्वेक्षण एवं जांच चरण) तथा जखोल संकरी जलविद्युत परियोजना (सर्वेक्षण एवं जांच चरण) शामिल हैं।

श्री सिंह ने एसटीपीएल (एसजेवीएन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में भी कार्य किया है। इसके अतिरिक्त, श्री सिंह भारत की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना अर्थात नाथपा झाकरी जलविद्युत परियोजना (हिमाचल प्रदेश) और ताला जलविद्युत परियोजना (भूटान) के महत्वपूर्ण घटकों के निर्माण के लिए विभिन्न पदों पर तैनात थे। देवसारी जलविद्युत परियोजना (उत्तराखंड) के सर्वेक्षण और जांच/निर्माण–पूर्व गतिविधियों में भी वे शामिल थे।

श्री सिंह को परियोजना निर्माण, सर्वेक्षण एवं जांच/पूर्व–निर्माण जैसे गतिविधियों के विभिन्न स्तरों पर कार्य करने की विशेषज्ञता हासिल है जिसमें विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और लागत अनुमान तैयार करना, बोली दस्तावेजों का निर्माण, बोलियों का मूल्यांकन, कार्य अवार्ड करना, अनुबंध प्रबंधन, परियोजना योजना और निगरानी आदि शामिल हैं।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# एनएचपीसी ने मनाया 78वां स्वतंत्रता दिवस




एनएचपीसी में 15 अगस्त 2024 को निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में देशभक्ति, जोश और उत्साह के साथ भारत का 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। समारोह की शुरुआत श्री आर.के. चौधरी, सीएमडी एनएचपीसी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान के साथ हुई। इस अवसर पर श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं), श्री संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी और एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कार्मिक अपने परिवार के सदस्यों के साथ उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री आर.के. चौधरी, सीएमडी महोदय ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे एनएचपीसी परिवार को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे उन सभी बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का समय है जिन्होंने देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने आगे बताया कि एनएचपीसी एक शत प्रतिशत हरित ऊर्जा उत्पादन करने वाली कंपनी है जो ऊर्जा उत्पादन के नए क्षेत्रों में प्रवेश कर रही है।

सीएमडी महोदय ने बताया कि विद्युत मंत्रालय द्वारा एनएचपीसी को विभिन्न राज्यों में लगभग 14,500 मेगावाट क्षमता की पम्प स्टोरेज परियोजनाएं दी गई हैं, जिनमें से लगभग 11,000 मेगावाट क्षमता पर एनएचपीसी विभिन्न स्तरों पर कार्य कर रही है। उन्होने आगे बताया कि एनएचपीसी सौर ऊर्जा एवं ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में निरंतर तेजी से आगे बढ़ रही है तथा विभिन्न परियोजनाओं एवं सोलर पार्कों पर तीव्र गति से कार्य कर रही है।

इस अवसर पर देशभर में स्थित एनएचपीसी के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं एवं इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस समारोह से जुड़े हुए थे।

# एनएचपीसी की 48वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन



एनएचपीसी ने 28 अगस्त, 2024 को अपने निगम मुख्यालय, फरीदाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी 48वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आयोजन किया। कंपनी के सदस्यों ने अन्य बातों के साथ–साथ वर्ष 2023-24 के लिए 0.50/- रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश की घोषणा के प्रस्ताव पर विचार किया, जो मार्च 2024 में भुगतान किए गए 1.40/- रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है।

श्री आर.के. चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने इस वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को संबोधित किया। एनएचपीसी बोर्ड के सदस्य श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं) तथा स्वतंत्र निदेशकगण डॉ. उदय सखाराम निरगुडकर, प्रो. (डॉ.) अमित कंसल, प्रो. (डॉ.) रश्मि शर्मा रावल, श्री जीजी जोसफ, श्री प्रेमकुमार गोवर्धनन और श्रीमती रूपा देब, कंपनी सचिव, एनएचपीसी भी इस बैठक में उपस्थित थे।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्री आर.के. चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने कहा कि, "जलविद्युत ग्रिड को संतुलित करने और चरम मांग को पूरा करने में एक अहम भूमिका निभाता है"। उन्होंने आगे कहा कि एनएचपीसी सक्रिय रूप से 10,000 मेगावाट से अधिक स्थापित क्षमता की जलविद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का निर्माण कर रही है, जिसमें 2880 मेगावाट दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना, 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना और 800 मेगावाट पार्बती-II जलविद्युत परियोजना शामिल है। सीएमडी, एनएचपीसी ने यह भी कहा कि एनएचपीसी वास्तविक चुनौतियों पर काबू पाकर स्थायी ऊर्जा समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध है। वार्षिक आम बैठक में कंपनी के प्रदर्शन के संबंध में सदस्यों के विभिन्न प्रश्नों/शंकाओं का समाधान भी किया गया।

## जल संसाधन विभाग, महाराष्ट्र सरकार और एनएचपीसी के बीच पंप स्टोरेज परियोजनाओं (7350 मेगावाट) के विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर






महाराष्ट्र सरकार की नीति के अनुसार, राज्य में पंप स्टोरेज परियोजनाओं (पीएसपी) के विकास के लिए एनएचपीसी ने दिनांक 03.09.2024 को मुंबई में जल संसाधन विभाग, महाराष्ट्र सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। इस समझौता ज्ञापन में महाराष्ट्र में 7,350 मेगावाट की कुल क्षमता की पंप स्टोरेज परियोजनाओं (पीएसपी) की स्थापना, सर्वेक्षण, अन्वेषण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के साथ–साथ केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के अनुसार समय से कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

महाराष्ट्र के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस और एनएचपीसी के निदेशक (वित्त) श्री आर.पी. गोयल की गरिमामयी उपस्थिति में, एनएचपीसी के कार्यपालक निदेशक (एसबीडी एंड सी) श्री रजत गुप्ता और महाराष्ट्र सरकार के जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव, श्री दीपक कपूर के बीच इस समझौता ज्ञापन का आदान–प्रदान किया गया।

यह समझौता ज्ञापन महाराष्ट्र में ऊर्जा भंडारण समाधान के रूप में पंप स्टोरेज परियोजनाओं को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा और वर्ष 2070 तक नेट जीरो प्राप्त करने के राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप है।

## नवरत्न का दर्जा प्राप्त करने के उपलक्ष्य पर अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने कार्मिकों को संबोधित किया




श्री आर.के. चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने दिनांक 06 सितंबर, 2024 को फरीदाबाद स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह में एनएचपीसी को प्रतिष्ठित नवरत्न का दर्जा प्राप्त करने के उपलक्ष्य में एनएचपीसी के कार्मिकों को संबोधित किया। दिनांक 30 अगस्त, 2024 को भारत सरकार द्वारा एनएचपीसी को नवरत्न का दर्जा प्रदान किया गया है। कंपनी की लगभग पांच दशकों की शानदार यात्रा में यह एक विशिष्ट उपलब्धि है। श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) तथा श्री संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी ने ऑनलाइन माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं), एनएचपीसी तथा एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

श्री आर.के. चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने अपने संबोधन में एनएचपीसी के सभी कार्मिकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि एनएचपीसी को नवरत्न का दर्जा प्राप्त होना बहुत गौरव की बात है। उन्होंने एनएचपीसी के पूर्व और वर्तमान सभी कर्मियों की लगन और कड़ी मेहनत की प्रशंसा की और कहा कि "नवरत्न का दर्जा प्राप्त होना केवल एक सम्मान ही नहीं है, बल्कि यह एनएचपीसी परिवार के प्रत्येक सदस्य की प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है"। अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने लोक उद्यम विभाग और विद्युत मंत्रालय से प्रदान किए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में उन्होंने आगे बताया कि नवरत्न का सम्मान एनएचपीसी के उत्कृष्ट प्रचालन, वित्तीय प्रदर्शन और एक जलविद्युत कंपनी से नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी बनने के निरंतर विकास को दर्शाता है।

अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी, श्री आर.के. चौधरी ने एनएचपीसी की ऐतिहासिक उपलब्धियों का उल्लेख किया, जिसमें धौलीगंगा में भारत का पहला कंक्रीट फेस रॉकफिल डैम, पार्बती-II में विश्व की सबसे लंबी इनक्लाइंड प्रेशर शाफ्ट और इंदिरा सागर में सबसे बड़ा जलाशय शामिल है। उन्होंने नवाचार और प्रचालन उत्कृष्टता के प्रति एनएचपीसी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया, जोकि समय से पहले परियोजनाओं को पूरा करने और उन्नत निर्माण तकनीकों में प्रदर्शित हुआ है। अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं नामतः 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर और 800 मेगावाट पार्बती-II परियोजनाओं का कार्य पूरा करने सहित एनएचपीसी की महत्वाकांक्षी योजनाओं को रेखांकित किया और राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों के अनुरूप पंप स्टोरेज, सौर ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन पहलों में एनएचपीसी द्वारा की जा रही पहलों का उल्लेख किया।

श्री आर.के. चौधरी ने सभी कार्मिकों से नवरत्न दर्जे की जिम्मेदारियों को अपनाने का आग्रह करते हुए निरंतर सुधार, कौशल विकास और एनएचपीसी के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता की आवश्यकता पर बल दिया। इस कार्यक्रम को एनएचपीसी के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और यूनिटों में लाइव वेबकास्टिंग के माध्यम से देखा गया।

## एनएचपीसी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए भारत सरकार को 338.51 करोड़ रुपए के अंतिम लाभांश का भुगतान




भारत सरकार की एक अग्रणी जलविद्युत कंपनी और 'नवरत्न' उद्यम एनएचपीसी ने 20 सितंबर, 2024 को वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए भारत सरकार को 338.51 करोड़ रुपए के अंतिम लाभांश का भुगतान किया है। इसके अतिरिक्त, दिनांक 05 मार्च, 2024 को वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए 947.82 करोड़ रुपए का अंतरिम लाभांश भुगतान किया गया था। इस प्रकार एनएचपीसी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए कुल 1286.33 करोड़ रुपए का लाभांश भुगतान किया गया है।

श्री आर.के. चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने दिनांक 23 सितंबर, 2024 को नई दिल्ली में श्री मनोहर लाल, माननीय केंद्रीय विद्युत एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री, भारत सरकार को 338.51 करोड़ रुपए के अंतिम लाभांश भुगतान का बैंक एड्वाइस सौंपा। इस अवसर पर श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत), श्री श्रीकांत नागुलापल्ली, अपर सचिव (विद्युत), श्री मोहम्मद अफजल, संयुक्त सचिव (हाइड्रो), श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) और श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएँ व तकनीकी) एनएचपीसी उपस्थित थे।

कंपनी के निदेशक मंडल ने दिनांक 17 मई, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए अंकित मूल्य के 5.00% अर्थात 0.50 रुपए प्रति इक्विटी शेयर की दर से अंतिम लाभांश की सिफारिश की थी, जिसे 28 अगस्त, 2024 को वार्षिक आम बैठक में अनुमोदन प्रदान किया गया था। इसके अतिरिक्त, 05 मार्च, 2024 को 1.40 रुपए प्रति इक्विटी शेयर अर्थात अंकित मूल्य का 14.00% की दर से अंतरिम लाभांश का भुगतान किया गया। इस प्रकार, वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए 1.90 रुपए प्रति इक्विटी शेयर अर्थात अंकित मूल्य का 19.00% का कुल लाभांश का भुगतान किया गया है। वर्तमान में एनएचपीसी के पास अड़तीस लाख से अधिक शेयरधारक हैं और वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए अंतरिम लाभांश सहित कुल लाभांश भुगतान 1908.56 करोड़ रुपए है, जबकि वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए यह 1858.33 करोड़ रुपए था।

सीपीएसई के पूंजी पुनर्गठन के संबंध में निवेश एवं सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) के 27 मई, 2016 के दिशानिर्देशों के अनुसार, प्रत्येक सीपीएसयू द्वारा कर पश्चात लाभ (पीएटी) के 30% या नेटवर्थ के 5% की दर से, जो भी अधिक हो, न्यूनतम वार्षिक लाभांश का भुगतान किया जाना आवश्यक है । उक्त दिशानिर्देशों के अनुसार, एनएचपीसी ने वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए कुल 1908.56 करोड़ रुपए के लाभांश भुगतान किया है, जो कि कंपनी की नेटवर्थ का 5.12% तथा कर पश्चात लाभ का 50.98% है। एनएचपीसी ने वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए 3743.94 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है, जबकि पिछली अवधि में यह 3833.79 करोड़ रुपए था।

## एनएचपीसी को उत्तर प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा के विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'मानद पुरस्कार' से सम्मानित किया गया




एनएचपीसी, भारत सरकार का एक 'नवरत्न' उद्यम को 27 सितंबर 2024 को लखनऊ, उत्तर प्रदेश में आयोजित स्टेट लीडरशिप मीट के दौरान उत्तर प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा के विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'मानद पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं व तकनीकी), एनएचपीसी ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं व तकनीकी) महोदय ने अपने संबोधन में हरित ऊर्जा के विकास में एनएचपीसी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया तथा इस क्षेत्र में एनएचपीसी द्वारा की जा रही विभिन्न पहलों के बारे में उपस्थित लोगों को अवगत कराया। इस अवसर पर बीएसयूएल के सीईओ और एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

## स्वतंत्र निदेशक, एनएचपीसी का बीएसयूएल परियोजना एवं बीएसयूएल और संपर्क कार्यालय लखनऊ का दौरा



प्रो. (डॉ.) अमित कंसल, स्वतंत्र निदेशक, एनएचपीसी ने दिनांक 01.10.2024 को बीएसयूएल की 65 मेगावाट की कालपी सौर ऊर्जा परियोजना का दौरा किया और बीएसयूएल के प्रयासों की सराहना की। 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल के तहत उनके द्वारा एक पौधा भी लगाया गया।

इसके बाद, स्वतंत्र निदेशक, एनएचपीसी ने बीएसयूएल और संपर्क कार्यालय लखनऊ का दिनांक 03.10.2024 को दौरा किया, जहां बीएसयूएल और एनएचपीसी के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया एवं कार्यालय परिसर में स्वतंत्र निदेशक, एनएचपीसी द्वारा पौधारोपण किया गया। स्वतंत्र निदेशक, एनएचपीसी ने बीएसयूएल और एनएचपीसी के अधिकारियों के साथ बातचीत की, जो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। इसी बीच स्वतंत्र निदेशक, एनएचपीसी ने अपने बहुमूल्य वचनों से सभी अधिकारियों को प्रोत्साहित किया। अंत में हिन्दी पखवाड़ा 2024 के विजेताओ को पुरस्कृत किया गया।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

## निदेशक (परियोजनाएं और तकनीकी) का संपर्क कार्यालय-लखनऊ एवं बीएसयूएल का दौरा



एनएचपीसी लिमिटेड को 27.09.2024 को लखनऊ में आयोजित सोलर क्वार्टर लीडरशिप मीट – उत्तर प्रदेश में अक्षय ऊर्जा के विकास के लिए मानद पुरस्कार प्राप्त हुआ। उत्तर प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने एनएचपीसी के निदेशक (परियोजनाएं और तकनीकी) श्री संजय कुमार सिंह को यह पुरस्कार प्रदान किया। तद्पश्चात, निदेशक (परियोजनाएं और तकनीकी), एनएचपीसी ने कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों को संबोधित किया। कार्यक्रम में बीएसयूएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहित बीएसयूएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

इसके बाद, निदेशक (परियोजनाएं और तकनीकी), एनएचपीसी ने बीएसयूएल और संपर्क कार्यालय लखनऊ कार्यालय का दौरा किया, जहां बीएसयूएल और एनएचपीसी के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया एवं कार्यालय परिसर में निदेशक (परियोजनाएं और तकनीकी), एनएचपीसी द्वारा पौधारोपण किया गया। निदेशक (परियोजनाएं और तकनीकी), एनएचपीसी ने बीएसयूएल और एनएचपीसी के अधिकारियों के साथ बातचीत की, जो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बीएसयूएल परियोजनाओं और एनएचपीसी की सीएसआर गतिविधियों पर प्रस्तुति दी गई, जिसमें उन्होंने अपने बहुमूल्य सुझाव दिए और अधिकारियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। अंत में निदेशक (परियोजनाएं और तकनीकी), एनएचपीसी ने संपर्क कार्यालय का राजभाषा निरीक्षण किया। बीएसयूएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की।

## नेपाल परियोजनाएं कार्यालय, काठमांडू



एनएचपीसी लिमिटेड एवं राष्ट्रिय प्रसारण ग्रिड कम्पनी लिमिटेड, नेपाल के मध्य काठमांडू, नेपाल में दिनांक 13.05.2024 को वेस्ट सेती परियोजना (800 मेगावाट) के पावर हाउस से बनलेक सब स्टेशन तक विद्युत निकास हेतु MOU पर हस्ताक्षर किये गए। एनएचपीसी की ओर से श्री प्रकाश उपाध्याय, परियोजना प्रमुख (वेस्ट सेती एवं सेती 6 परियोजनाएं) तथा राष्ट्रिय प्रसारण ग्रिड कम्पनी लिमिटेड, नेपाल की ओर से डॉ नेत्र प्रसाद ग्यावली ने डब पर हस्ताक्षर किये।

माननीय ऊर्जा, जलस्रोत तथा सिंचाई मंत्री, नेपाल सरकार श्री शक्ति बहादुर बस्नेत, सचिव (ऊर्जा) नेपाल सरकार श्री सुशिल चन्द्र तिवारी, भारतीय राजदूतावास, काठमांडू के वाणिज्य विंग के प्रथम सचिव श्री सुमन शेखर, एनएचपीसी नेपाल परियोजनाओं के प्रमुख श्री संदीप मित्तल एवं अन्य गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

इस अवसर पर एनएचपीसी नेपाल परियोजनाओं के प्रमुख श्री संदीप मित्तल ने उपस्थित गणमान्य लोगों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से एनएचपीसी के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं निगम के कार्यकलापों से अवगत कराया।

इस अवसर पर अपने व्याख्यान में सचिव (ऊर्जा), नेपाल सरकार ने एनएचपीसी से नेपाल की अन्य जलविद्युत परियोजनाओं के विकास में भी अग्रणी भूमिका निभाने का अनुरोध किया।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत

## "राष्ट्रीय खेल दिवस" के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन ।

विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार तथा निगम मुख्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुपालन में क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में राष्ट्रीय खेल दिवस (26 से 31 अगस्त 2024) के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अंतर्गत दिनांक 27 अगस्त 2024 को फिट इंडिया शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री अमरीक कुमार, ग्रुप महाप्रबंधक (सिविल) नें क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के कार्मिकों को फिट इंडिया शपथ दिलाई। ग्रुप महाप्रबंधक महोदय नें सभी कार्मिकों को सक्रिय और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा अपने परिवार के सदस्यों के अलावा अपने आसपास के लोगों को भी फिट और स्वस्थ रहने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।




इसके उपरांत दिनांक 30 अगस्त 2024 को क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के कार्मिकों के लिए कैरम खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाप्रबंधक (सिविल) श्री अमरीक कुमार के साथ–साथ कार्यालय के कार्मिकों नें बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

## "विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र" के अंतर्गत शपथ ग्रहण



भारत सरकार के 'नशा मुक्त भारत अभियान' कार्यक्रम के पांचवें वर्ष के अवसर पर "विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र" की थीम के साथ क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में दिनांक 12 अगस्त 2024 को नशा मुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत नें क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, संविदा कार्मिकों तथा प्रशिक्षुओं (अप्रेंटिस) को स्वयं के साथ–साथ अपने समुदाय, परिवार, मित्रों के अलावा अपने जिले/राज्य को नशे से मुक्त कराने की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में 70 नियमित कार्मिकों, संविदा कार्मिकों तथा प्रशिक्षुओं (अप्रेंटिस) नें भाग लिया।

## क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत में हर्षोल्लास से मनाया गया हिंदी पखवाड़ा

क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत में 14 सितंबर, 2024 से 29 सितंबर, 2024 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। 14 सितंबर, 2024 को हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यालय परिसर में बैनर लगाए गए और कार्यपालक निदेशक श्री संतोष कुमार महोदय का हिंदी दिवस पर संदेश सभी कार्मिकों और पावर स्टेशनों को जारी किया गया। इस अवसर पर कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह, माननीय विद्युत मंत्री एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल, माननीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्री श्रीपाद नाईक एवं माननीय अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री राज कुमार चौधरी के संदेश भी पढ़े गए।



हिंदी पखवाड़े के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, नोटिंग–ड्राफ्टिंग, कविता पाठ प्रतियोगिता, हिंदी शब्दावली एवं अनुवाद प्रतियोगिता और कंप्यूटर पर हिंदी टंकण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक बढ़–चढ़कर भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में 25 कार्मिकों ने भाग लिया। क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत में स्थापित पुस्तकालय में विभिन्न विषयों पर प्रतिष्ठित एवं प्रख्यात साहित्यकारों की अनेक पुस्तकें उपलब्ध हैं। जिनकी हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी लगाई गई। हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक ने किया।

हिंदी पखवाड़े के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत के सभी विभागों का राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी निरीक्षण किया गया और वर्ष 2023–24 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक महोदय ने 'राजभाषा चल शील्ड' मानव संसाधन विभाग को प्रदान की। हिंदी पखवाड़े के दौरान दिनांक 28.09.2024 को क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत में कार्यपालक निदेशक महोदय की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति व समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वरिष्ठ प्रबंधक व उच्च स्तर के सभी अधिकारियों ने भाग लिया और हिंदी पखवाड़े के आयोजन पर तथा राजभाषा कार्यान्वयन की प्रत्येक मद पर गहनता से विचार–विमर्श किया गया।

क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत में 30 सितंबर, 2024 को हिंदी पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा उन्होंने प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों और निर्णायक मंडल के सदस्यों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर श्री अमरीक कुमार, समूह महाप्रबंधक (सिविल), श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), श्री सुरेंद्र कुमार गुप्ता, उप महाप्रबंधक (वित्त) भी उपस्थित रहे।

## क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन



क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा ब्लड बैंक, पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय चंबा के सहयोग से राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर दिनांक 30.09.2024 को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर के अवसर पर श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत ने क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के नियमित कार्मिकों तथा संविदा कार्मिकों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि रक्तदान महादान है और हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित तौर पर रक्तदान करना चाहिए। उन्होने आगे कहा कि हमारे द्वारा किए गए रक्तदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। कार्यपालक निदेशक महोदय ने ब्लड बैंक, पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय चंबा से आई टीम का भी उक्त रक्तदान शिविर के आयोजन में सहयोग के लिए धन्यावाद किया। कार्यपालक निदेशक महोदय ने शिविर में रक्तदान करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा संविदा कार्मिकों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कुल 21 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के दौरान श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक महोदय के अलावा श्री अमरीक कुमार, समूह महाप्रबंधक (सिविल), श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबन्धक (मा.सं.), डॉ. इन्दु गोयल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चमेरा-III पावर स्टेशन, पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय चंबा से ब्लड बैंक की टीम के सदस्य, क्षेत्रीय कार्यलय बनीखेत के चिकित्सा विभाग के कार्मिक तथा क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में स्वच्छ भारत दिवस का आयोजन



क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में दिनांक 02 अक्तूबर 2024 को गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत, श्री अमरीक कुमार, समूह महाप्रबंधक (सिविल) तथा कार्यालय के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने महात्मा गांधी जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इसके उपरांत स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों को कार्यालय की साफ–सफाई में उनके योगदान के लिए कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत नें सम्मानित किया तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किए। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में स्वच्छता श्रमदान गतिविधि का भी आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया । स्वच्छता श्रमदान गतिविधि के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय के कार्मिकों नें क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा ग्राम पंचायत बनीखेत के साथ मिलकर चिन्हित CTU स्थान की सफाई की तथा स्वच्छता का संदेश दिया।

## श्री राज कुमार चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय का क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत का दौरा



श्री राज कुमार चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी लिमिटेड महोदय ने दिनांक 20 सितंबर, 2024 को क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत का दौरा किया। क्षेत्रीय कार्यालय आगमन पर श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत ने श्री राज कुमार चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय का पौधा एवं पारंपरिक हिमाचली शॉल व टोपी भेंट कर स्वागत किया। अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय के साथ निगम मुख्यालय से पधारे श्री संदीप कुमार, कार्यपालक निदेशक महोदय का श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत में आगमन पर श्री राज कुमार चौधरी, अध्यक्ष व प्रबन्ध निदेशक महोदय को क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत में तैनात हिमपेसको के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया । इसके उपरांत श्री राज कुमार चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय तथा श्री संदीप कुमार, कार्यपालक निदेशक महोदय ने क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के कार्यालय परिसर मे पौधारोपण किया।

क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के दौरे के दौरान अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय ने क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत के राजभाषा कार्यों का निरीक्षण भी किया तथा क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के समस्त स्टाफ की राजभाषा हिन्दी में किए जा रहे शत–प्रतिशत कार्य के लिए प्रशंसा की। बनीखेत क्षेत्र के दौरे के दौरान श्री राज कुमार चौधरी, अध्यक्ष व प्रबन्ध निदेशक महोदय ने दिनांक 21.09.2024 को योग मानव विकास ट्रस्ट, बनीखेत में वर्ष 2023–24 के दौरान एनएचपीसी द्वारा CSR & SD योजना के तहत प्रायोजित व्यावसायिक प्रशिक्षण पूरा कर चुके प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र व स्वरोजगार


@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

किट्स (सिलाई मशीन व ब्युटि किट) वितरित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उक्त कार्यक्रम के दौरान डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री डी.एस. ठाकुर भी उपस्थित थे। इस अवसर पर सर्वप्रथम योग मानव विकास ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक श्री एस.के. डोडेजा तथा ट्रस्ट की अध्यक्षा, श्रीमती किरण डोडेजा ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राज कुमार चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय, श्री संदीप कुमार, कार्यपालक निदेशक, श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत, श्री डी.एस. ठाकुर, विधायक, डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र का पारंपरिक हिमाचली शॉल व टोपी पहनाकर स्वागत किया।

समारोह के दौरान श्री राज कुमार चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय ने योग मानव विकास ट्रस्ट बनीखेत की अध्यक्षा, श्रीमती किरण डोडेजा तथा ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक श्री एस.के. डोडेजा की उपस्थिति में वर्ष 2023–24 के दौरान योग मानव विकास ट्रस्ट से एनएचपीसी द्वारा सीएसआर – एसडी के अंतर्गत प्रायोजित Cutting & Tailoring तथा Beauty Culture कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर उत्तीर्ण हो चुकी 62 स्थानीय लड़कियों व महिलाओं को प्रमाण पत्र व स्वरोजगार किट्स (सिलाई मशीने तथा ब्युटि किट) वितरित की। योग मानव विकास ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक श्री एस.के. डोडेजा तथा श्रीमती किरण डोडेजा ने अपने सम्बोधन में अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय का अपनी व्यस्त दिनचर्या में से समय निकाल कर कार्यक्रम में आने के लिए धन्यावाद किया तथा उपस्थित जनसमूह को ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे जनकल्याण कार्यक्रमों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। श्री एस.के. डोडेजा तथा श्रीमती किरण डोडेजा ने उक्त जनकल्याण कार्य के निरंतर योगदान हेतु एनएचपीसी लिमिटेड का धन्यावाद किया।

इसके उपरांत श्री डी.एस. ठाकुर, विधानसभा सदस्य, डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उक्त जनकल्याण कार्य के लिए सर्वप्रथम सीएमडी एनएचपीसी लिमिटेड तथा श्री एस.के. डोडेजा का धन्यावाद किया तथा आगे कहा कि एनएचपीसी लिमिटेड के हिमाचल प्रदेश के पिछड़े व दुर्गम चंबा जिले में विभिन्न प्रोजेक्ट बनने से यहाँ के सर्वांगीण विकास को गति मिली है। उन्होने आशा जताई कि भविष्य में भी एनएचपीसी लिमिटेड इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आयोजित करवाता रहेगा जिससे यहाँ के गरीब व पिछड़े लोगो को स्वरोजगार में मदद मिल सके । सम्बोधन के अंत में माननीय विधायक ने उपस्थित सभी प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इसके उपरांत श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएचपीसी लिमिटेड विद्युत उत्पादन के साथ साथ परियोजना क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए भी तत्पर रहता है तथा स्थानीय विकास हेतु सीएसआर व एसडी योजना के तहत हर वर्ष विभिन विकासात्मक कार्य करवाता रहता है। उन्होने भविष्य में भी स्थानीय विकास हेतु तत्पर रहने की एनएचपीसी लिमिटेड की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के अंत में श्री राज कुमार चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय उपस्थित प्रशिक्षुओं व जनसमूह को संबोधित किया तथा कहा कि योग मानव विकास ट्रस्ट द्वारा चंबा जिले में गरीब व पिछड़े लोगों के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उन्होने व्यावसायिक प्रशिक्षण कर चुके तथा प्रशिक्षण कर रहे प्रशिक्षुओं को शिक्षा के साथ–साथ संस्कार प्रदान करने के लिए योग मानव विकास ट्रस्ट की प्रशंसा की। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने आशा जताई कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत प्रदान की गई किट्स से लड़कियों व महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करने में काफी मदद मिलेगी तथा वे आर्थिक रूप से अपने परिवार की मदद करने मे सक्षम होंगी।

अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय ने आगे कहा कि योग मानव विकास ट्रस्ट द्वारा चंबा जिले में पिछड़े क्षेत्रों की लड़कियों व महिलाओं को प्रशिक्षण के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी के "बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ, बेटी बढ़ाओ" के नारे को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित किया जा रहा है । अपने सम्बोधन के दौरान अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय ने योग मानव विकास ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक श्री एस.के. डोडेजा {भूतपूर्व निदेशक (परियोजनाएं) एनएचपीसी लिमिटेड} के पूर्व में एनएचपीसी लिमिटेड में परियोजनाओं के निर्माण में योगदान तथा वर्तमान में योग मानव विकास ट्रस्ट के माध्यम से चंबा जिले के विकास में दिए जा रहे योगदान की प्रशंसा की । अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय ने योग मानव विकास ट्रस्ट बनीखेत की अध्यक्षा, श्रीमती किरण डोडेजा का भी कार्यक्रम के दौरान उक्त जनकल्याण के कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय ने सम्बोधन के दौरान यह भी कहा कि एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा सीएसआर व एसडी के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यो को क्रियान्वित करके स्थानीय विकास की प्रक्रिया को गति दी जा रही है तथा भविष्य में भी एनएचपीसी लिमिटेड स्थानीय विकास हेतु योगदान के लिए प्रतिबद्ध है। सम्बोधन के अंत में अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय ने उपस्थित सभी प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उक्त कार्यक्रम के दौरान स्थानीय डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री डी. एस. ठाकुर ने श्री राज कुमार चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय को पारंपरिक हिमाचली शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया।

उक्त समारोह में श्री राज कुमार चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय के अतिरिक्त श्री संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत, योग मानव विकास ट्रस्ट बनीखेत की अध्यक्षा, श्रीमती किरण डोडेजा, ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक श्री एस.के. डोडेजा, श्री डी. एस. ठाकुर, विधायक, डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र, श्री अमरीक कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), श्री उमेश कुमार नन्द, समूह महाप्रबन्धक प्रभारी, चमेरा-II पावर स्टेशन, श्री अनिल कुमार, समूह महाप्रबन्धक प्रभारी, चमेरा-III पावर स्टेशन, श्री आदित्य गौतम, समूह महाप्रबन्धक प्रभारी, चमेरा पावर स्टेशन-I, श्री के. टी. राजा पंडियन, समूह महाप्रबन्धक प्रभारी, बैरास्यूल पावर स्टेशन, श्री मदन लाल, समूह महाप्रबन्धक प्रभारी, सेवा-II पावर स्टेशन, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के वरिष्ठ अधिकारी, एनएचपीसी के सेवानिवृत कार्मिक, बनीखेत व डलहौज़ी क्षेत्र से गणमान्य व विशिष्ट व्यक्ति तथा अन्य स्थानीय लोग मौजूद थे।

# पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-II

## एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण – II में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण–II में क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के सहयोग से एनएचपीसी चिकित्सालय, नगवाई कार्यालय परिसर में दिनांक 01 अक्टूबर 2024 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। परियोजना के डॉ. ज्योतिर्मय जैन, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) और श्री अंगद कुमार, महाप्रबंधक (सिविल) ने शिविर का उद्घाटन करते हुए बताया कि इस दिवस का उद्देश्य लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व के बारे में शिक्षित करना तथा अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करना है। रक्तदान शिविर में पार्बती परियोजना के कर्मियों और संविदा कर्मियों ने रक्तदान किया। इस रक्तदान में 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। श्रीमती श्वेता ओझा, उप महाप्रबंधक(मा.सं.),श्री राजेंद्र सिंह रावत,उप महाप्रबंधक (वित्त), डॉ.मीरा जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, श्री अरविंद कौशिक, उप महाप्रबंधक(मा.सं.), डॉ.पिंकी कुमारी रॉय, ग्रुप वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के वरिष्ठ तकनीशियन श्री भीर सिंह अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

## एनएचपीसी निदेशक (परियोजनाएं) का पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II का दौरा

एनएचपीसी के निदेशक (परियोजनाएं) श्री संजय कुमार सिंह ने दिनांक 10.09.2024 से 12.09.2024 तक पार्बती जलविद्युत परियोजना, चरण–II का दौरा किया। श्री निर्मल सिंह, कार्यपालक निदेशक ने पुष्प गुच्छ देकर व शाल, कुल्लवी टोपी पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। निदेशक (परियोजनाएं) को परियोजना की सुरक्षा में लगे भूतपूर्व सैनिकों द्वारा गार्ड ऑफ ओनर दिया गया।



श्री संजय कुमार सिंह ने दिनांक 11.09.2024 को पार्बती परियोजना के बाँध परिसर तथा HRT का निरीक्षण किया। निदेशक (परियोजनाएं) ने नगवाई कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परियोजना पर चल रहे कार्यो के बारे में समीक्षा बैठक की जिसमें परियोजना प्रमुख श्री निर्मल सिंह ने उन्हें परियोजना के चल रहे निर्माण कार्यो के बारे में जानकारी दी। श्री संजय कुमार सिंह ने विषम परिस्थितियों में अभी तक हुए कार्यों तथा गत माह में 41 मीटर खुदाई करके HRT के excavation work समाप्त करने के लिए सभी अधिकारियों की सराहना की। उन्होने सभी को निर्धारित समय सीमा के अंदर परियोजना के कार्य पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

दिनांक 12.09.2024 को श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं) ने श्री निर्मल सिंह, कार्यपालक निदेशक की उपस्थिति में पावर हाउस, सियूण्ड का दौरा कर निरीक्षण किया। तत्पश्चात नगवाई कार्यालय में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस बैठक में संगठनों के प्रतिनिधियों ने पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-II के विभिन्न मुद्दो के बारें में बताया। श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं) ने नगवाई कार्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया।

इस दौरे पर उनके साथ निगम मुख्यालय से श्री आर.पी.शर्मा, कार्यपालक निदेशक (तकनीकी), श्री संदीप मित्तल, कार्यपालक निदेशक (पीएमएसजी) भी उपस्थित रहे।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

## एनएचपीसी पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-II में "राष्ट्रीय खेल दिवस" का आयोजन।

भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस, जो हर साल 29 अगस्त को मनाया जाता है, दुनिया के सबसे महान फील्ड हॉकी खिलाड़ियों में से एक मेजर ध्यानचंद की जयंती को समर्पित है। राष्ट्रीय खेल दिवस अनुशासन, टीम वर्क, और राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देने में खेलो की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। "राष्ट्रीय खेल दिवस" के अवसर पर एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II में दिनांक 29.08.2024 से 31.08.2024 तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं (वॉलीबाल, टग ऑफ वार, प्लेंक चैलेंज, लेमन रेस, 800 मीटर रेस) का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में परियोजना की महिला, पुरुष एवं संविदा कार्मिकों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा सभी सफल प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया।

श्री निर्मल सिंह, कार्यपालक निदेशक ने दिनांक 31.08.2024 को नगवाई कार्यालय परिसर में सभी कार्मिको को फिट इंडिया शपथ ग्रहण करवाई। इस आयोजन के दौरान परियोजना के सभी वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।




## एनएचपीसी पार्बती परियोजना चरण – II आवासीय परिसर में शिशु गृह (Creche) एवं बाल उद्यान का उदघाटन



एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II के कार्यपालक निदेशक श्री निर्मल सिंह ने दिनांक 03 अक्टूबर 2024 को पार्बती परियोजना चरण-II के आवासीय परिसर नगवाई में शिशु गृह एवं बाल उद्यान का उद्घाटन किया। श्री सिंह ने शिशु गृह का उद्घाटन करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य कामकाजी महिलाओं के बच्चों के लिए एक सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाना है ताकि वें अपने बच्चों के प्रति निश्चित रह सके तथा अपना महत्वपूर्ण योगदान एनएचपीसी के कार्यो में दे सके। इस शिशु गृह में छोटे बच्चों के लिए खेलने व सोने की सुविधा भी है। इसके साथ साथ बाल उद्यान में बच्चों के लिए अच्छे अच्छे जंगल रंबल प्ले ज़ोन, ट्रैम्पोलिन, सीसॉ, स्प्रिंग राइड तथा मेरी गो राउंड लगवाएँ गए है जिसमे कार्मिको के बच्चे खेल सकते है। इस कार्यक्रम में परियोजना के श्री रंजीत सिंह, महाप्रबंधक(यांत्रिक),डॉ.ज्योतिर्मेय जैन, महाप्रबंधक(चिकित्सा),श्री अंगद कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), श्री राजेन्द्र सिंह रावत, उप महाप्रबंधक(वित), श्रीमती श्वेता ओझा, उप महाप्रबंधक (मा.सं.),श्री अरविंद कौशिक, उप महाप्रबंधक (मा.सं) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# दुलहस्ती पावर स्टेशन

## राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन




राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन दिनांक 01/10/2024 को दुलहस्ती पावर स्टेशन के चिकित्सालय/डिस्पेन्सरी में समय सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक जिला अस्पताल, किश्तवाड़ के सहयोग से आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर का उदघाटन पावर स्टेशन प्रमुख श्री सुरेश कुमार, ग्रुप महाप्रबंधक द्वारा चिकित्सा अधीक्षक, डॉ युद्धवीर सिंह, जिला अस्पताल, किश्तवाड़ तथा दुलहस्ती पावर स्टेशन के महाप्रबंधक (विद्युत), श्री के वी शिवकुमार, महाप्रबंधक (यांत्रिक), श्री मुकेश कुमार, महाप्रबन्धक (सिविल), श्री पी. के. जैन, वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ नासिर इरफान, ग्रुप वरिष्ठ प्रबन्धक (तकनीकी), श्री एस. के. गुप्ता व ग्रुप वरिष्ठ प्रबन्धक(मा.सं) के उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर दुलहस्ती पावर स्टेशन के अन्य अधिकारी/कर्मचारी सहित सीआईएसएफ़ तथा स्थानीय लोगों द्वारा भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया गया। इस अवसर पर पावर स्टेशन प्रमुख श्री सुरेश कुमार, ग्रुप महाप्रबंधक द्वारा इस रक्त दान शिविर में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया गया। डॉ युद्धवीर सिंह, चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल, किश्तवाड़ द्वारा उपस्थित लोगों को रक्तदान करने के फायदे व उसके लाभ के बारे मे बताया गया। डॉ नासिर इरफान, वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अनुसार इस आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में दोपहर 2:30बजे तक अलग–अलग रक्त ग्रुप के कुल 30 यूनिट रक्त इकट्ठे कर जिला अस्पताल, किश्तवाड़ को प्रदान किए गए।

# टनकपुर पावर स्टेशन, उत्तराखंड

## मानीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड, श्री पुष्कर सिंह धामी महोदय का टनकपुर पावर स्टेशन, बनबसा में दौरा।

माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड, श्री पुष्कर सिंह धामी जी दिनांक 21.09.2024 को टनकपुर पावर स्टेशन, बनबसा के दौरे पर रहे। टनकपुर पावर स्टेशन में पहुंचने पर माननीय मुख्यमंत्री जी का पावर स्टेशन प्रमुख, श्री राजिल व्यास जी द्वारा पौंधा भेंट कर एवं शाल पहनाकर उनका हार्दिक स्वागत किया। तदोपरांत, माननीय मुख्यमंत्री जी ने राज्य स्तर के उच्च अधिकारियों के साथ औपचारिक बैठक की जिसमें राज्य में हुए आपदा के दौरान अतिवृिष्ट से हुई क्षति, बाढ़ नियंत्रण, भूस्खलन, बनबसा क्षेत्र में जलभराव के निराकरण एवं बन्द पड़ी सड़कों को दुरूस्त कर अतिशीघ्र चालू करने हेतु उच्च अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिये।



दौरे के दौरान, क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों के साथ विचारविमर्श किया और क्षेत्रवासियों को आश्वासन दिया कि बाढ़ से हुई क्षति पर राज्य सरकार की ओर से अतिशीघ्र उचित मुआवजा प्रदान किया जायेगा। दौरे के अंत में, माननीय मुख्यमंत्री जी ने टनकपुर पावर स्टेशन प्रबंधन का सुनियोजित तरीके से स्वागत एवं विशेष प्रबंध हेतु पावर स्टेशन प्रबन्धन का हार्दिक धन्यवाद किया और एनएचपीसी की चहुमुखी तरक्की के लिये शुभकामनाएं व्यक्त की।

## माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार, श्री अजय टम्टा जी का टनकपुर पावर स्टेशन, बनबसा का दौरा



माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार श्री अजय टम्टा जी दिनांक 29.8.2024 से 30.08.2024 को टनकपुर क्षेत्र के दौरे पर रहे। अपने दौरे के दौरान, श्री अजय टम्टा जी रात्री विश्राम हेतु एनएचपीसी, टनकपुर पावर स्टेशन के विशिष्ट अतिथिगृह पहुंचे। माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री जी के टनकपुर पावर स्टेशन में आगमन पर पावर स्टेशन प्रमुख, श्री राजिल व्यास जी द्वारा उन्हे पौंधा भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत किया। तदुपरांत, माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री जी ने पावर स्टेशन प्रमुख एवं अन्य अधिकारियों के साथ एक औपरचारिक बैठक की। बैठक के दौरान, माननीय मंत्री जी ने पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास जी से बातचीत करते हुए पावर स्टेशन एवं एनएचपीसी से संबंधित कार्यप्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। चर्चा के दौरान श्री अजय टम्टा जी ने एनएचपीसी, पावर स्टेशन द्वारा सामुदायिक सामाजिक दायित्व के तहत् किये जा रहे कार्यो की भरपूर प्रशंसा की और अपने सुझाव देते हुए कहा कि इस विषय में गरीबों, महिलाओं, बच्चों एवं शोषित वर्ग के लिए हर संभव प्रयास किये जायें ताकि उनकी आर्थकि स्थिति में सुधार हो सके।

दौरे के अंत में, माननीय मंत्री जी ने टनकपुर पावर स्टेशन प्रबंधन का सुनियोजित तरीके से स्वागत एवं विशेष प्रबंध हेत हार्दिक धन्यवाद किया और एनएचपीसी की चहुमुखी तरक्की के लिये शुभकामनाएं व्यक्त की।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

## टनकपुर पावर स्टेशन में "राष्ट्रीय खेल दिवस" 2024 के अवसर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन।




टनकपुर पावर स्टेशन में दिनांक 28 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास द्वारा सभी कार्मिकों को प्रशासनिक भवन के प्रांगण में शपथ दिलाई गयी जिसमें सभी कर्मचारियों ने एक सक्रिय और स्वस्थ जीवन शैली जीकर फिट एवं स्वस्थ रहने की शपथ ली। अपने शपथ के दौरान, शपथार्थियों ने हर दिन कम से कम 30 मिनट का समय निकालकर अपने को, अपने परिवार को और अपने पड़ोसियों को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रण लिया। इसी क्रम में, 30 अगस्त, 2024 को "राष्ट्रीय खेल दिवस " के अवसर पर "फिट इंडिया" 2024 के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बैडमिंटन एवं 100 मीटर दौड़ की प्रतिस्पर्धा शामिल रही। प्रतिस्पर्धाओं का शुभारंभ, पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास द्वारा अपने कर–कमलों से किया गया। अपने सम्बोधन भाषण में, श्री राजिल व्यास जी ने बताया कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं, जो हमारे शारीरिक और मानसिक विकास में मदद करते हैं। खेल हमें अनुशासन, संघर्ष, और टीमवर्क की भावना सिखाते हैं। खेलों के माध्यम से हम अपने शरीर को स्वस्थ और मजबूत बना सकते हैं। खेल में भाग लेने से खिलाड़ियों में सहिष्णुता,धैर्य और साहस का विकास होता है तथा सामूहिक सद्भाव और भाईचारे की भावना बढ़ती है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी खेल में भाग लेकर अपने आप को शारीरिक एवं मानसकि रूप से स्वस्थ रखना है।

इन प्रतियोगिताओं में टनकपुर पावर स्टेशन के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। "राष्ट्रीय खेल दिवस" के तहत पुरूषों की बैडमिंटन प्रतियोगिता के साथ – साथ केंद्रीय विद्यालय के 11 से 16 वर्ष की उम्र तक के बच्चों की 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तत्पश्चात, महिलाओं एवं पुरूषों की 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिताएं करायी गयी। उक्त प्रतियोगिताओं में, पावर स्टेशन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों ने बड़े उत्साह एवं जोश के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान, पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास द्वारा सभी प्रतिभागी विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में, मो. जावेद अंसारी, महाप्रबंधक(विद्युत) ने सभी खेल प्रतिभागियों को शुभकामनायें दीं एवं आयोजक मण्डल को खेल प्रतियोगितायें आयोजन हेतु हार्दिक धन्यवाद प्रस्तुत किया।

## टनकपुर पावर स्टेशन में "स्वच्छता ही सेवा 2024" के तहत एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर तथा चिकित्सा संगोष्ठी का आयोजन।




टनकपुर पावर स्टेशन में दिनांक 20.09.2024 को "स्वच्छता ही सेवा 2024" के तहत् एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर पावर स्टेशन प्रमुख, श्री राजिल व्यास, श्रीमती संगीता व्यास एवं मोहम्मद जावेद अंसारी, महाप्रबंधक (विद्युत) द्वारा चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर को सफल बनाने हेतु इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल, नई दिल्ली से जनरल फिजीशियन के डॉ. रवि शर्मा, ऑर्थो के डॉ. अनिल चौहान, एवं ई.एन.टी. के डॉ. निशांत राणा उपस्थित थे, साथ ही टनकपुर पावर स्टेशन से डॉ. मीना, समूह वरि. उप मुख्य चिकित्साधिकारी एवं डॉ. जिशु वी. कुमार, वरि. चिकित्साधिकारी भी उक्त शिविर में अपना योगदान देने हेतु उपस्थित रहे। पावर स्टेशन प्रमुख एवं महाप्रबंधक (विद्युत) के साथ इंद्रप्रस्थ अपोलो, अस्पताल से आए उक्त डॉक्टरों ने द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पावर स्टेशन प्रमुख ने अपने उद्घाटन भाषण में शिविर में उपस्थित एनएचपीसी कर्मचारी, संविदा कर्मचारी एवं औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों को संबोधित करते हुए प्रेरणा दी कि हर इन्सान की दिनचर्या मे स्वच्छता शामिल होनी चाहिए, स्वच्छता एक अच्छी आदत एवं सुखी जीवन की आधारशिला है। स्वच्छता के साथ–साथ प्रत्येक व्यक्ति को समय–समय पर अपने स्वास्थ्य की जॉच करवाते रहना चाहिए ताकि किसी भी बिमारी का समय रहते पता चल जाए ताकि उसका निदान हो सके और आगे जीवन में किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े। सभी से अपील की कि सभी व्यक्ति अधिक से अधिक इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाए एवं अपने स्वास्थ संबंधी परेशानियों को इंद्रप्रस्थ अपोलो, अस्पताल से आए चिकित्सकों से साझा कर बिमारियों को दूर करें और एक स्वस्थ जीवनयापन करें।

उक्त एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर में कुल 209 व्यक्तियों ने चिकित्सीय सलाह एवं जांच कराया। उसके अलावा 95 व्यक्तियों ने Audiometry कराकर स्वास्थ परीक्षण शिविर का पूर्णतः लाभ उठाया। इस प्रकार एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न किया। शिविर के उपरान्त, दिनाँक 21.09.2024 को चिकित्सकों की विशेषज्ञ टीम ने टनकपुर पावर स्टेशन के स्पीच हॉल में एक संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें चिकित्सकों के दल ने Basic Life Support एवं First Aid पर स्वास्थ संगोष्ठी की। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए श्री पीयूष कान्त कुलश्रेष्ठ, ग्रुप वरिष्ठ प्रबन्धक (मा.सं.) एवं डॉ. मीना, वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्साधिकारी ने विशेषज्ञ चिकित्सा दल का हार्दिक धन्यवाद प्रस्तुत किया और आवाह्न किया कि इस तरह के चिकित्सा शिविर समय–समय पर टनकपुर पावर स्टेशन में लगते रहने चाहिए ताकि इस दूर–दराज क्षेत्र के लोग स्वच्छता एवं चिकित्सा सेवाओं का लाभ लेकर अपने आप को स्वास्थ रख सकें।

## टनकपुर पावर स्टेशन में "स्वच्छता ही सेवा 2024" के अवसर पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम




टनकपुर पावर स्टेशन में दिनांक 19.09.2024 को "स्वच्छता ही सेवा 2024" के अवसर पर शारदा इंटर कालेज, केनाल, बनबसा में स्वच्छता हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी बच्चे, अध्यापक, अध्यापिकाएं एवं प्रधानाचार्य के अतिरिक्त श्री पीयूष कांत कुलश्रेष्ठ,समूह वरि. प्रबंधक (मानव संसाधन) एवं डॉ. मीना वरि.उप मुख्य चिकित्साधिकारी आदि उपस्थित थे। डॉ. मीना समूह वरि. उप मुख्य चिकित्साधिकारी एवं समूह वरि. प्रबंधक (मा.सं.) द्वारा स्कूल के सभी बच्चों को स्वच्छता हेतु निर्देश एवं ध्यान देने योग्य बाते बतायी तथा सभी बच्चो से अपील की कि वे अपने देश के हित में स्वच्छता हेतु प्राप्त जानकारी को अपने जीवन में उतारे एवं स्वंय व राष्ट्र के हित में स्वच्छता हेतु अपना पूर्ण योगदान दें। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद देते हुए स्कूल के बच्चों को एनएचपीसी के सौजन्य से जलपान कराया गया।

## टनकपुर पावर स्टेशन में "विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र "2024 के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम




टनकपुर पावर स्टेशन में दिनांक 12 अगस्त, 2024 को विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 09.08.2024 के अनुपालन में "विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र" 2024 के तहत टनकपुर पावर स्टेशन के सभी कार्मिकों को श्री राजिल व्यास, पावर स्टेशन प्रमुख महोदय द्वारा शपथ ग्रहण करायी गई एवं नशे से दूर रहने का संकल्प करने आह्वान किया, जिससे भारत राष्ट्र नशा मुक्त हो सके तथा तेजी से साथ विकसित हो सके।

इस आयोजन में श्री राजिल व्यास, पावर स्टेशन प्रमुख, श्री जावेद अंसारी, महाप्रबंधक (विद्युत), श्री पीयूषकान्त कुलश्रेष्ठ, ग्रुप वरि. प्रबन्धक (मानव संसाधन) एवं अन्य वरि. अधिकारी व कर्मचारियों के अलावा पावर स्टेशन में अप्रेंटिस कर रहे प्रशिक्षु भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री सुरेश कुमार, उप प्रबन्धक (मानव संसाधन) ने किया।

## महामहिम भारतीय राजदूत, नेपाल, श्री नवीन श्रीवास्तव जी का टनकपुर पावर स्टेशन का दौरा।



महामहिम भारतीय राजदूत, नेपाल श्री नवीन श्रीवास्तव जी दिनांक 07.09.2024 से 08.09.2024 तक टनकपुर पावर स्टेशन के दौरे पर रहे। उनके साथ श्री सुमन शेखर, प्रथम सचिव (वाणिज्य), श्री रजनीश अग्रवाल, कार्यपालक निदेशक (पीआईडी, गुणवत्ता एवं आश्वासन), श्री प्रकाश चन्द उपाध्याय, महाप्रबंधक (सिविल)–परियोजना प्रमुख, एनएचपीसी नेपाल प्रोजेक्टस एवं श्री आशीष रंजन, ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (विद्युत) एनएचपीसी नेपाल प्रोजेक्टस, टनकपुर पावर स्टेशन में पधारे। महामहिम राजदूत के टनकपुर पावर स्टेशन में पहुँचने पर श्री राजिल व्यास, पावर स्टेशन प्रमुख द्वारा पौधा भेंटकर एवं शॉल पहनाकर उनका हार्दिक स्वागत किया। मो. जावेद अंसारी, महाप्रबंधक (विद्युत) ने श्री सुमन शेखर जी को पौधा भेंटकर एवं शॉल पहनाकर उनका हार्दिक स्वागत किया। श्री डी.एस.राव, ग्रुप उप महाप्रबंधक (वित्त) द्वारा श्री रजनीश अग्रवाल, कार्यपालक निदेशक महोदय को पौधा भेंटकर एवं शॉल पहनाकर उनका हार्दिक स्वागत किया। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर महामहिम राजदूत महोदय को सम्मानित किया गया।

तत्पश्चात, महामहिम राजदूत महोदय ने पावर स्टेशन के सभागार में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान, पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास जी ने पावर स्टेशन से संबंधित सभी गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत किया जिसमें टनकपुर पावर स्टेशन द्वारा विद्युत उत्पादन, इंडो नेपाल नहर के निर्माण कार्य एवं अन्य विशेष कार्यो का प्रमुखता से विवरण दिया। प्रस्तुति के अंत में, राजदूत महोदय ने एनएचपीसी के द्वारा इस क्षेत्र में एवं नेपाल के साथ आपसी संबंधों को मजबूत करने हेतु किये जा रहे प्रयासों की भरपूर सराहना की। राजदूत महोदय ने पावर हाउस का भी भ्रमण किया। भ्रमण के उपरांत, महोदय ने विद्युत उत्पादन एवं मशीनों के रखरखाव के बारे में प्रसन्नता जाहिर की और उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाए दीं। विद्युत गृह में उपस्थित अभियंताओं द्वारा स्काडा (SCADA) केन्द्र एवं नियंत्रण कक्ष के बारे में राजदूत महोदय को अवगत कराया गया। दिनॉक 08.09.2024 को राजदूत महोदय ने टनकपुर बैराज परिसर एवं नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत बैराज परिसर एवं नियंत्रण कक्ष को सुनियोजित तरीके से रखरखाव एवं संचालन पर प्रसन्नता जाहिर की। तत्पश्चात्, इंडो–नेपाल नहर जो कि भारत नेपाल संधि के तहत एनएचपीसी द्वारा बनाई गई है का भी निरीक्षण किया। नहर के निरीक्षण के उपरान्त राजदूत महोदय ने नहर के निर्माण कार्य के गुणवत्ता की सराहना की। इस अवसर पर पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास, एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण राजदूत महोदय के साथ नहर परिसर में उपस्थित थे। अपने दौरे के दौरान, महामहिम भारतीय राजदूत, नेपाल श्री नवीन श्रीवास्तव जी, श्री सुमन शेखर, प्रथम सचिव (वाणज्यि) जी एवं श्री रजनीश अग्रवाल, कार्यपालक निदेशक महोदय ने टनकपुर पावर स्टेशन के प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया। दौरे के अंत में, दिनांक 08.09.2024 को सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महामहिम राजदूत महोदय को हार्दिक विदाई देते हुए उन्हे शुभकामनायें दीं।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# सेवा-II पावर स्टेशन

## सेवा-II ने मनाया 15 वां सेवा स्थापना दिवस




सेवा-II पावर स्टेशन माश्का (जम्मू व कश्मीर) में दिनांक 24/07/2024 को विधिपूर्वक एवं बड़ी धूम–धाम के साथ सेवा–ण्ण स्थापना दिवस मनाया गया। प्रातः 08:00 बजे समस्त सेवा-II परिवार के सुख एवं समृद्धि के लिए डैम एवं पावर हाउस परिसर में समस्त अधिकारियों, कर्मचरियों और परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में पूजा एवं हवन किया गया।

इस अवसर पर सामुदायिक केंद्र मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक ,क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उनके साथ श्री अमरीक कुमार, ग्रुप महाप्रबंधक(सिविल) क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत, श्री आदित्य गौतम, पावर स्टेशन प्रमुख, चमेरा–1 पावर स्टेशन खैरी, श्री उमेश कुमार नन्द, पावर स्टेशन प्रमुख , चमेरा–2 उपस्थित थे।

इस अवसर पर सामुदायिक केंद्र, कार्यालय परिसर में गवर्नमेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल, हट्ट की छात्राओं, सेवा विहार कॉलोनी के बच्चों व एनएचपीसी के कार्मिको के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई, जिसे उपस्थित जनसमूह द्वारा बखूबी सराहा गया। इस स्थापना दिवस पर पावर स्टेशन प्रमुख, श्री मदन लाल शर्मा जी ने पिछले वर्षों में सेवा-II द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों व उपलब्धियों का विवरण दिया। इसके पश्चात इस अवसर पर माननीय मुख्य अतिथि श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत ने सेवा-II द्वारा किए गए विभिन्न उपलब्धियों, अमूल्य सेवाओं, प्रयासों तथा कड़ी मेहनत की सराहना की।

## कार्यपालक निदेशक क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत ने सेवा-II पावर स्टेशन का दौरा:

माननीय कार्यपालक निदेशक श्री संतोष कुमार, क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत ने दिनांक 13.08.2024 को सेवा-II पावर स्टेशन माश्का (जम्मू व कश्मीर) का दौरा किया। उनके साथ श्री आदित्य गौतम, पावर स्टेशन प्रमुख ,चमेरा-I पावर स्टेशन, ग्रुप वरिष्ठ प्रबन्धक, श्री सचिन विश्वकर्मा, क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत भी उपस्थित थे।

माननीय कार्यपालक निदेशक महोदय ने अपने सम्बोधन में ऊर्जा के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों व उसके निवारण के साथ–साथ कार्मिकों की समस्याओं को सुना तथा उनका निवारण भी किया। तत्पश्चात कार्यपालक निदेशक महोदय ने सेवा-II डैम व पावर हाउस का निरिक्षण किया।



## सेवा-II पावर स्टेशन ने "राष्ट्रीय खेल दिवस" के अवसर पर ली "फिट इंडिया" की शपथ तथा किया "क्रिकेट मैच" का आयोजन:




एनएचपीसी निगम मुख्यालय के निर्देशानुसार दिनांक 28.08.2024 को "राष्ट्रीय खेल दिवस " के अवसर पर सेवा-II पावर स्टेशन के कार्मिकों ने "फिट इंडिया" की शपथ ली। पावर स्टेशन के प्रशासनिक भवन के प्रांगण में पावर स्टेशन प्रमुख श्री मदन लाल शर्मा ने सभी कार्मिकों को "फिट इंडिया" की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर श्री कल्पतरु नायक, महाप्रबंधक(विद्युत), श्री सुनील कुमार, समूह उप महाप्रबंधक (वित्त), तथा अन्य सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। उसके उपरांत पावर स्टेशन प्रमुख श्री मदन लाल शर्मा के नेतृत्व में एडमिन बिल्डिंग से सी.आई.एस.एफ. कैंटीन तक दौड़ लगाई तथा वॉक भी किया गया।

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में सेवा-II पावर स्टेशन द्वारा खेल सप्ताह के अंतर्गत दिनांक 31.08.2024 को प्रातः 06:30 बजे माश्का ग्राउंड में पावर हाउस विभाग और प्रशासनिक भवन की टीमों के बीच एक क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशासनिक भवन की टीम विजयी रहीं।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

## सेवा-II में जम्मू और कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री श्री उमर अब्दुल्लाह का दौरा

सेवा-II पावर स्टेशन (जम्मू व कश्मीर) में दिनांक 07/08/2024 को जम्मू व कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय श्री उमर अब्दुल्लाह के साथ अन्य गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। इन गणमान्य अतिथियों का सेवा-II पावर स्टेशन प्रमुख श्री मदन लाल शर्मा ने वीआईपी गेस्ट हाउस में विधिपूर्वक व पारंपरिक ढंग से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक(विद्युत) श्री कल्पतरु नायक, वरिष्ठ प्रबन्धक (विद्युत) श्री सी विनोद भी उपस्थित थे।



पावर स्टेशन प्रमुख श्री मदन लाल शर्मा जी ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री उमर अब्दुल्लाह को सेवा-II पावर स्टेशन से संबन्धित जानकारी प्रदान की। माननीय श्री उमर अब्दुल्लाह जी ने एनएचपीसी की विभिन्न उपलब्धियों, अमूल्य सेवाओं, प्रयासों तथा कड़ी मेहनत को जम्मू व कश्मीर के विकास के लिए प्रशंसनीय योगदान बताया।

## ·माननीय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एनएचपीसी लिमिटेड ने सेवा-II पावर स्टेशन का दौरा:



माननीय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एनएचपीसी लिमिटेड श्री राज कुमार चौधरी ने दिनांक 21.09.2024 को सेवा-II पावर स्टेशन माश्का ( जम्मू व कश्मीर) का दौरा किया। उनके साथ कार्यपालक निदेशक श्री संदीप कुमार अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सचिवालय, कार्यपालक निदेशक श्री संतोष कुमार क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत, तथा क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत क्षेत्र के सभी पावर स्टेशन प्रमुख भी उपस्थित थे।

माननीय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने विषम परिस्थितियों में अभी तक हुए कार्यो के लिए सभी अधिकारियों तथा कार्मिकों की सराहना की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने नवीनीकरण–ऊर्जा विकास के लिए भी सभी को प्रोत्साहित किया। उन्होने राजभाषा के विकास से संबन्धित गतिविधियों का भी निरिक्षण किया तथा संतोषजनक पाया। तत्पश्चात अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने सेवा-II पावर हाउस का निरीक्षण किया और पावर हाउस के पार्क में पौधरोपण किया।

# क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी

## क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुडी में हिन्दी पखवाड़ा-2024 का आयोजन




श्री अनिल कुमार दाश, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्र–सिलीगुड़ी के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी में 14.09.2024 से 30.09.2024 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। श्री बबितेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (सिविल) एवं श्री शरद चंद्र, महाप्रबंधक (वित्त) के करकमलों से दीप प्रज्ज्वलन के साथ 14.09.2024 को हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर श्री शरद चंद्र, महाप्रबंधक (वित्त) द्वारा कार्यपालक निदेशक, सिलीगुड़ी का संदेश वाचन किया गया। कार्यपालक निदेशक महोदय ने अपने संदेश में सभी कार्मिकों से राजभाषा के प्रति रुचि बढ़ाने एवं राजभाषा प्रचार–प्रसार में कार्यालय को अग्रणी बनाने की अपील की। अपने अपील में उन्होंने कार्यालय में राजभाषा के कार्यान्वयन पर संतोष प्रकट करते हुए इसे और गति देने की अपील की ताकि आने वाले समय में कार्यालय राजभाषा प्रगति के नए आयाम स्थापित कर सके।

अपने सम्बोधन में श्री बबितेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (सिविल) ने स्वतंत्र देश के लिए सरकारी कामकाज की भाषा के रूप में हिन्दी के महत्व को इंगित करते हुए कार्यालयीन कार्यों में इसके अधिकाधिक प्रयोग करने को कहा। उन्होंने पखवाड़े के दौरान राजभाषा के प्रति सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने एवं पखवाड़े के दौरान आयोजित होनेवाली हिन्दी प्रतियोगिताओं में सभी कार्मिकों से बढ़चढ़ कर भाग लेने की भी अपील की। तत्पश्चात श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह, प्रबंधक (राजभाषा) ने सभी कार्मिकों को पखवाड़े के रूपरेखा की जानकारी दी तथा सभी से पखवाड़े के दौरान आयोजित होनेवाली हिन्दी प्रतियोगिताओं में बढ़–चढ़कर भाग लेने की अपील की।

पखवाड़े के दौरान 18.09.2024 से 25.09.2024 तक हिन्दी भाषी एवं हिंदीतर भाषी कार्मिकों के लिए 'हिन्दी सुलेखन', 'हिन्दी प्रशासनिक शब्दावली' जैसी प्रतियोगिताओं के साथ–साथ सभी कार्मिकों के लिए 'हिन्दी काव्य पाठ' सहित कुल 03 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें से 17 कार्मिकों को पुरस्कृत किया गया। कार्मिकों में राजभाषा के प्रति रुचि जगाने एवं हिन्दी में किए जा रहे दैनिक कार्यों में आनेवाली परेशानियों के निदान हेतु 28.09.2024 को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन भी किया गया जिसमें सभी विभागों के नोडल हिन्दी अधिकारियों सहित कुल 15 कार्मिकों ने भाग लिया। पखवाड़े के दौरान 28.09.2024 को ही श्री अनिल कुमार दाश, कार्यपालक निदेशक की ऑनलाइन अध्यक्षता में क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी की सितंबर–2024 तिमाही की बैठक एवं हिंदी पखवाड़ा समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें संपर्क कार्यालय, कोलकाता के कार्मिक भी जुड़े।

हिन्दी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 30.09.2024 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान हिन्दी पखवाड़ा–2024 के दौरान आयोजित विविध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को श्री बबितेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (सिविल) एवं श्री आर. सी. दास, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के करकमलों से पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान हिन्दी में सराहनीय कार्य करने हेतु "हिन्दी नोटिंग–ड्राफ्टिंग प्रोत्साहन योजना" के अंतर्गत कुल 17 कार्मिकों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में भारत सरकार के माननीय गृह मंत्री, ऊर्जा मंत्री एवं ऊर्जा राज्यमंत्री तथा एनएचपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश वाचन किया गया। अंत में सामूहिक राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# तीस्ता-V पावर स्टेशन

## रालाप, डुंगडुंग में केंद्रीय विद्यालय, एनएचपीसी सिंगतम की आधारशिला रखी गई



केन्द्रीय विद्यालय, एनएचपीसी सिंगतम का शिलान्यास समारोह 10.03.2024 को रालाप, डुंगडुंग, जिला गंगटोक में एनएचपीसी लिमिटेड, तीस्ता-V पावर स्टेशन द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर सिक्किम के माननीय मुख्यमंत्री की पत्नी श्रीमती शारदा गोले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। वेन. सोनम लामा, माननीय मंत्री, आरडीडी, कोआपरेशन-इकलेसिस्टिकल डिपार्टमेंट, सिक्किम सरकार, कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि थे।

यह समारोह श्री ए. के. दाश , कार्यकारी निदेशक / एचओपी, तीस्ता-V पावर स्टेशन और सीईओ, एलटीएचपीएल, तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना के साथ–साथ तीस्ता-V पावर स्टेशन और तीस्ता-VI एचईपी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, केंद्रीय विद्यालय के शिक्षकों / कर्मचारियों और स्थानीय समुदाय के नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

अपने संबोधन में, वेन. सोनम लामा, माननीय मंत्री, आरडीडी, कोआपरेशन-इकलेसिस्टिकल डिपार्टमेंट, सिक्किम सरकार, ने बाढ़ की घटना के बाद सभी मोर्चों पर कामकाज बहाल करने के लिए एनएचपीसी के अथक प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर बोलते हुए, उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय की नई ईमारत उस स्कूल की ईमारत को फिर से स्थापित करेगी जो 03–04 / 10 / 2023 की मध्यरात्रि को तीस्ता-V बालुतर परिसर में तीस्ता नदी बेसिन में आई विनाशकारी बाढ़ में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी।

रालाप, डुंगडुंग में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए उन्होंने सिक्किम सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना से न केवल एनएचपीसी कर्मचारियों के बच्चों को बल्कि स्थानीय क्षेत्रों के छात्रों को भी आवश्यक शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध होगी।

# सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना

## CMD NHPC visits Subansiri Lower H E Project



Shri Raj Kumar Chaudhary Hon'ble CMD, NHPC visited the 2000 MW Subansiri Lower HE Project from 2nd to 4th September 2024. This was his maiden visit after assuming the charge of CMD, NHPC. On his arrival at Mohanbari Airport at Dibrugarh, Hon'ble CMD was accorded a warm welcome by Shri Rajendra Prasad, Executive Director and HOP, Subansiri Lower Project.

Hon'ble CMD was given Guard of Honor by the CISF personnel posted at Subansiri Lower Project on his arrival at Subansiri Lower Project. He was also accorded a warm welcome in traditional Assamese culture with Bihu Dance and garlanding by the employees.

During the visit Hon'ble CMD inspected key construction areas of the project and witnessed some of the major achievements of the project. Completion of Generator Rotor of Unit #3 was unveiled and Last Strake of Spiral Casing of Unit#5 was lowered on 02.09. 2024 in the presence of Hon'ble CMD.

Besides, construction of concrete plug between HRT# 4 & 5 and final concreting in Pressure Shaft # 6 started in the presence of Hon'ble CMD which will facilitate timely completion of electro-mechanical works of Unit-4.

Erection of Pressure Shaft Liner of Lane-4 was also achieved on 02.09.2024 in presence of Hon'ble CMD. Apart from that, Erection of Last (24th) Draft tube gate commenced on 02.09.2024 in the august presence of Hon'ble CMD. With completion of this gate, erection of all 24 nos of Draft tube gates for Unit# 1 to Unit #8 shall be achieved. These activities shall pave the way for commissioning of three units of the Project by March 2025 and remaining units by June 2026.

During the visit, Hon'ble CMD also had an interactive session with all the Officials of Subansiri Lower HE Project and gave a sound hearing to the issues and grievances of the employees.
In his address to officers and staff of project, Hon'ble CMD appreciated the hard work of the project team and the progress achieved so far. He appealed everyone to put their best efforts in completing this prestigious project in time

During the visit, Hon'ble CMD also took a review meeting with Senior Officials of NHPC and representatives of Major Work Contractors and instructed all to put on extra efforts for timely completion of the project while maintaining highest standard of works.



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

During the visit, Hon'ble CMD also had a meeting with Shri Rotom Tebin, Hon'ble MLA, Raga Assembly Constituency (Arunachal Pradesh) and discussed about the under-construction and the upcoming projects in Arunachal Pradesh.

On 4th September 2024, Hon'ble CMD alongwith Shri Rajendra Prasad, ED Subansiri Lower Project and Shri L K Tripathi, ED, Dibang MP Project attended a meeting and appraised Shri Himanta Biswa Sarma, Hon'ble Chief Minister, Assam about the progress in Downstream River Protection Works, CSR and other developmental activities alongwith construction activities of 2000 MW Subansiri Lower Project. The meeting was held in the Convention Centre at North Lakhimpur (Assam).

## मुख्य सचिव, असम का सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा



मुख्य सचिव, असम डॉ रवि कोटा,आईएएस ने दिनांक 05 सितमबर 2024 को सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया। मुख्य सचिव महोदय के परियोजना आगमन पर कार्यपालक निदेशक एवं परियोजना प्रमुख श्री राजेन्द्र प्रसाद ने पारंपरिक शॉल भेंट कर स्वागत किया।

मुख्य सचिव महोदय ने परियोजना स्थल का दौरा किया तथा जारी निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। कार्यपालक निदेशक एवं परियोजना प्रमुख श्री राजेन्द्र प्रसाद ने मुख्य सचिव महोदय को परियोजना के विभिन्न स्थलों पर चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति से अवगत कराया।

मुख्य सचिव महोदय ने परियोजना में किए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रशंसा करते हुए परियोजना की पूरी टीम को बधाई दी तथा सभी से परियोजना को तय समय पर चालू करने की अपील की।

## Free Medical camp organized by Subansiri Lower H E Project.

As part of CSR-SD initiative of NHPC, a free medical camp was organized on 29th August 2024 by Subansiri Lower HE Project (2000MW) in collaboration with Dhemaji District Civil Hospital at Kachutali High School, Moharicamp Distt Dhemaji. (Assam). The medical camp was inaugurated by Sh Rajendra Prasad, ED, SLHEP. During the medical camp 261 local residents were given free consultation and medicines by Gynecologist & Medicine specialists.




Besides the specialist doctors from Dhemaji District Civil Hospital, the patients were also attended by doctors posted at Subansiri Lower HE Project led by Dr Indrajeet Nath, GM (MS).

## National Sports Day 2024 celebrated at Subansiri Lower HE Project




As part of National Sports Day 2024, a friendly Cricket Match amongst NHPC employees was organized on 31st Aug 2024 (Saturday) at Multipurpose Ground of Subansiri Lower Project. The match which was played between ED's XI vs GM's XI was witnessed by the employees and their family members.

Prior to the match, the Fit India Pledge was administered by Shri Rajendra Prasad, Executive Director, SLHEP amongst the players and other employees of the Project.

## निदेशक (परियोजनाएं) का सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा




एनएचपीसी के निदेशक (परियोजनाएं) श्री संजय कुमार सिंह ने निगम मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिनांक 08 से 10 अगस्त 2024 को सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया। डिब्रूगढ़ आगमन पर श्री राजेन्द्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक (सुबनसिरी) ने पुष्पगुच्छ एवं पारंपरिक गमछा भेंट कर निदेशक (परियोजनाएं) महोदय का स्वागत किया। निदेशक (परियोजनाएं) के साथ कार्यपालक निदेशक (पीएमएसजी) श्री दीपक सहगल, कार्यपालक निदेशक (तकनीकी) निदेशक परियोजनाएं सचिवालय श्री राकेश प्रसाद शर्मा, एवं निगम मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने परियोजना के विभिन्न निर्माणाधीन स्थलों यथा—बांध, डाइवर्जन टनल इनलेट एरिया/आउटलेट एरिया, लेफ्ट बैंक हिल स्लोप स्टैबिलाईजेशन कार्यों, पावर हाउस, कंट्रोल रूम के साथ—साथ विद्युत यांत्रिक के चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निदेशक (परियोजनाएं) तथा निगम मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में 08.08.2024 को एच आर टी #3 एवं #4 के बीच प्लगिंग का आरंभ तथा प्रेशर शाफ्ट लाइनर्स, लेन नं. 5 एवं 6 के निर्माण कार्य का समापन किया गया जो 2000 मेगावाट की सुबनसिरी परियोजना को पूरा करने में काफी महत्वपूर्ण कदम है। निदेशक (परियोजनाएं) ने इस उपलब्धि के लिए परियोजना प्रमुख व कार्यपालक निदेशक श्री राजेन्द्र प्रसाद एवं उनकी टीम को बधाई दी एवं उनके परिश्रम की सराहना की। इसी क्रम में निदेशक (परियोजनाएं) ने कार्यपालक निदेशक (सुबनसिरी) एवं परियोजना के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों तथा कॉन्ट्रेक्टर्स के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान निदेशक (परियोजनाएं) महोदय ने कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए इसमें और तेजी लाने की अपील की ताकि परियोजना का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जा सके।

## 2880 मेगावाट दिबंग बहुउदेशीय परियोजना, अरुणाचल प्रदेश

Hon'ble CMD, NHPC attended the 6th Steering Committee meeting of 13 Hydroelectric Projects allotted to various CPSUs under the chairmanship of Shri. Pema Khandu, Hon'ble CM, Arunachal Pradesh on 03.09.2024 in Itanagar, which was also attended by ED (DMP).



## विदाई

| नाम | पद | कार्यालय |
|---|---|---|
| सर्व श्री / श्रीमती / सुश्री | जुलाई 2024 | |
| विजय कुमार सिन्हा | कार्यकारी निदेशक | एनएचडीसी–भोपाल |
| हरीश बुलचंदानी | कार्यकारी निदेशक | सावलकोट एचईपी |
| काजल साहा | कार्यकारी निदेशक | आरओ,बनीखेत |
| नागेन्द्र मोहन प्रसाद | महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ) | दिबांग एमपीपी |
| पूरन चंद | पर्यवेक्षक (हेम ऑपरेटर) जी.आर.आई. | टनकपुर पीएस |
| ओम प्रकाश | हाउस कीपिंग हेल्पर स्पेशल ग्रेड. | सेवा-II पीएस |
| बुलाकी राम | पर्यवेक्षक (विद्युत) ग्रेड-III | टनकपुर पीएस |
| हरीश चंद्र पुनेठा | पर्यवेक्षक (यूटिलिटी ऑपरेटर) ग्रेड-II | टनकपुर पीएस |
| आंचल सिंह | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड-I | सेवा-II पीएस |
| मदन सिंह रावत | पर्यवेक्षक (विद्युत) ग्रेड-II | टनकपुर पीएस |
| उग्रा राम | पर्यवेक्षक (मैकेनिक) ग्रेड-I | तीस्ता लो डैम-IV पीएस |
| केशव गिरी | पर्यवेक्षक (मैकेनिक) ग्रेड-II | आरओ,बनीखेत |
| खेम राज | हेल्पर स्पेशल जीआर. | सीवीपीपीपीएल–पाकलडुल एचईपी |
| गुलाम जीलानी खान | बेलदार स्पेशल जीआर | यूआरआई-II पीएस |
| केवल चंद | पर्यवेक्षक (कार्य सहायक) जी.आर.आई. | सेवा-II पीएस |
| शान सिंह | इलेक्ट्रीशियन स्पेशल | चमेरा-I पी.एस. |
| देवेन्द्र कुमार | बेलदार स्पेशल जीआर. | दुलहस्ती पीएस |
| एमसी पालीवाल | वरिष्ठ पर्यवेक्षक (स्टोर) ग्रेड.ए | टनकपुर पीएस |
| नरेंद्र कुमार शर्मा | पर्यवेक्षक (कार्य सहायक) जी.आर.आई. | टनकपुर पीएस |
| जोगिंदर कुमार | बेलदार स्पेशल जीआर. | सलाल पी.एस. |
| मोहम्मद हनीफ | पर्यवेक्षक (मशीनिस्ट) ग्रेड-II | दुलहस्ती पीएस |
| मोहम्मद अमीन | पर्यवेक्षक (वैज्ञानिक सहायक) ग्रेड-II | दुलहस्ती पीएस |
| प्रकाश चंद्र तिवारी | समूह वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | सतर्कता |
| परषोत्तम दत्त | बेलदार स्पेशल जीआर. | सलाल पी.एस. |
| शेर बहादुर | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | टनकपुर पीएस |
| षाम लाल | बेलदार स्पेशल जीआर. | सलाल पी.एस. |
| मदन लाल | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड.पप | सलाल पी.एस. |
| सुषमा शर्मा | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | आरओ,जम्मू |
| अछरो देवी | एटीटीडीटी स्पेशल ग्रेड-I | चमेरा-II पीएस |
| राज कुमार | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | चमेरा-III पीएस |
| सर्व श्री / श्रीमती / सुश्री | अगस्त 2024 | |
| दीपक सैगल | कार्यकारी निदेशक | पीएमएसजी |
| दीपंकर देब | महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ) | दुलहस्ती पीएस |
| चंदर सिंह | कार्यालय अधीक्षक जी.आर.आई. | आईटी और सी |
| अमर नाथ | पर्यवेक्षक (फोटोस्टेट) ग्रेड-II | आरओ,बनीखेत |
| सीमा चौधरी | ग्रुप सीनियर डीसीएमओ | चमेरा-I पी.एस. |
| महेंद्र प्रसाद | सहायक प्रबंधक(प्रशासन) | आरओ,सिलीगुड़ी |
| राजिंदर कुमार | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | सीवीपीपीपीएल–पाकलडुल एचईपी |
| बलकार चंद | हेल्पर स्पेशल जीआर. | पार्वती.प एचईपी |
| धनमन छेत्री | हेल्पर स्पेशल जीआर. | रंगित पी.एस. |
| सुरेश कुमार | उप प्रबंधक (मानव संसाधन) | टनकपुर पीएस |
| प्रेम कुमार | बेलदार स्पेशल जीआर. | टनकपुर पीएस |
| संजय वशिष्ठ | समूह वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | आरओ,बनीखेत |
| ललिता देवी | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड. | रंगित पी.एस. |
| तारा चंद | पर्यवेक्षक (हेम ऑपरेटर) ग्रेड-III | दुलहस्ती पीएस |
| ऋषि राम शर्मा | पर्यवेक्षक (यूटिलिटी ऑपरेटर) ग्रेड-II | तीस्ता लो डैम-IV पीएस |
| अरुण सरकार | बेलदार स्पेशल जीआर. | रंगित पी.एस. |
| अनीता लाकड़ा | ग्रुप सीनियर डीसीएमओ | तीस्ता लो डैम-III पीएस |
| कश्मीरी लाल | पर्यवेक्षक (फायरमैन) ग्रेड-II | दुलहस्ती पीएस |
| उमेश कुमार | उप महाप्रबंधक (सिविल) | चमेरा-I पी.एस. |
| सुभाष चंद्र | बेलदार स्पेशल जीआर. | सलाल पी.एस. |
| तिलक सिंह पुंडीर | प्रबंधक(सचिव) | निदेशक (तकनीकी)सचिव. |
| अर्जुन सिंह | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड-I | आरओ,जम्मू |
| अरुणा शर्मा | कार्यालय अधीक्षक जी.आर.आई. | आरओ,बनीखेत |
| फातमा बेगम | एटीटीडीटी स्पेशल ग्रेड-I | दुलहस्ती पीएस |

# विदाई

| नाम | पद | कार्यालय |
|---|---|---|
| सर्व श्री / श्रीमती / सुश्री | सितंबर 2024 | |
| अनुराग भारद्वाज | महाप्रबंधक (मानव संसाधन) | सीएसआर और एसडी |
| पूरन चंद | पर्यवेक्षक (हेम ऑपरेटर) जी.आर.आई. | टनकपुर पीएस |
| केवल कृष्ण | बेलदार स्पेशल जीआर. | सलाल पी.एस. |
| संजीव कुमार | वरिष्ठ पर्यवेक्षक (इलेक्ट)–एसपीएल | दुलहस्ती पीएस |
| सुभाष सिंह | इलेक्ट्रीशियन स्पेशल | सलाल पी.एस. |
| कमल कांत शर्मा | वरिष्ठ पर्यवेक्षक (आईटी) (एसपीएल) | वित्त |
| श्याम बहादुर | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड-III | धौलीगंगा पीएस |
| तीरथ राम | हेल्पर स्पेशल जीआर. | सलाल पी.एस. |
| हंस राज | बेलदार स्पेशल जीआर. | चमेरा-I पी.एस. |
| अंबा दत्त | वेल्डर ग्रेड.I | टनकपुर पीएस |
| सुरेश कुमार | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | बैरा स्यूल पीएस |
| मोहन लाल | पर्यवेक्षक (कार्य सहायक) जी.आर.आई. | दुलहस्ती पीएस |
| सुभाष चंद्र | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड-III | सेवा-II पीएस |

# एनएचपीसी ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस




















2880 मेगावाट दिबंग बहूदेशीय परियोजना, अरुणाचल प्रदेश

एनएचपीसी
NHPC

**NHPC Limited**

*(A Government of India Enterprise)*

पंजीकृत कार्यालयः एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सैक्टर–33, फरीदाबाद, हरियाणा–121003
सीआईएनः L40101HR1975GOI032564 वेबसाइट : www.nhpcindia.com

**Follow NHPC at :**

@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited